महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक–519 /पी.ए./2022 दिनांक–09/09/2022

कार्यालय आदेश

(महाविद्यालयों में प्रवेश के सम्बन्ध में)

विश्वविद्यालय के पत्रांक 483/पी.ए./2022 दिनांक 30.08.2022 द्वारा समस्त सम्बद्ध अनुदानित, राजकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यगण/प्रबंधकगण की माँग के दृष्टिगत मा0 कुलपति जी ने महाविद्यालयों में प्रवेश की पूर्व निर्धारित अन्तिम तिथि दिनांक 31.08.2022 (06 अगस्त 2022 से 31 अगस्त 2022) को विस्तारित करते हुए दिनांक 09.09.2022 तक कर दिया था। परन्तु संज्ञान में आया है कि अभी तक काफी महाविद्यालयों द्वारा प्रवेशित छात्रों का डाटा विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड/कन्फर्म नहीं किया गया है।

अतः छात्रहित में उक्त के सम्बंध में मुझे यह कहने का आदेश हुआ है कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यगण/प्रबंधकगण अपने महाविद्यालयों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करके प्रवेशित छात्रों का डाटा पूर्व निर्धारित **प्रारूप में विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर तीन कार्यदिवसों में (दिनांक 13.09.2022 तक) अनिवार्यतः अपलोड कर दें।** इसके पश्चात विश्वविद्यालय का प्रवेश पोर्टल बन्द हो जायेगा और महाविद्यालयों द्वारा प्रवेश सम्बंधी डाटा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जा सकेगा।

यदि उक्त तिथि (13.09.2022) के पश्चात भी किसी महाविद्यालय में सीटें रिक्त रह जाती हैं और अर्ह छात्रों के आवेदन पत्र प्रवेश हेतु उपलब्ध हैं तो सम्बन्धित महाविद्यालय ऐसे छात्रों के प्रवेश ले सकते हैं परन्तु उन प्रवेशित छात्रों की सूची निर्धारित प्रारूप में डाटा के साथ **विश्वविद्यालय को हार्ड कॉपी में विलम्बतम 20.09.2022 तक उपलब्ध करायेंगे। उक्त तिथि के पश्चात कोई भी प्रवेश मान्य नहीं होगा।**

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. निजी सचिव मा0 कुलपति को, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यगण/प्रबंधकगण को सूचनार्थ।
3. वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. मीडिया प्रभारी को समस्त दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ।

कुलसचिव